सभी मोटर वाहनों का पंजीकरण बंद

drishtiias.com/hindi/printpdf/registration-of-all-motor-vehicles-stopped

चर्चा में क्यों?

उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (High Security Registration Plate- HSRP) को 'वाहन' डेटाबेस के साथ एकीकृत नहीं करने के कारण देश भर में 1 मई से मोटर वाहनों के लिये पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक लगा दी है।

प्रमुख बिंदु

- ज्ञातव्य है कि 1 अप्रैल से मोटर वाहनों के सभी वर्गों में उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट के साथ कई इनबिल्ट सुरक्षा सुविधाओं वाले 'टैम्पर प्रूफ' फिट किया जाना था।
- ऑटोमोबाइल निर्माताओं को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सुरक्षा लाइसेंस प्लेट जारी करने का काम सौंपा गया था।
- उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट उपलब्ध कराने में ऑटोमोबाइल निर्माताओं और डीलरों की ओर से बरती गई ढिलाई के कारण केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, संयुक्त परिवहन आयुक्त और राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव के निर्देश पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (National Informatics Centre- NIC) ने वाहनों के पंजीकरण के लिये परिवहन मिशन मोड परियोजना के अखिल भारतीय एप्लीकेशन 'वाहन' तक पहुँच को अवरुद्ध कर दिया है।
- फिलहाल देश में मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को छोड़कर किसी भी राज्य में नए मोटर वाहनों के लिये पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा सकता है।
- ये तीन राज्य 'वाहन' के बजाय अपने स्वयं के सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर रहे हैं, इसलिये नए पंजीकृत वाहनों को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं।

वाहन

- वाहन एक ऑनलाइन वेब एप्लीकेशन है जो मोटर वाहनों के पंजीकरण के सभी पहलुओं को शामिल करता है, यह एक अत्यधिक लचीली और व्यापक प्रणाली है।
- इस प्लेटफॉर्म पर नए वाहन का पंजीकरण, पंजीकरण का नवीनीकरण, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते के परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय और अंतर-राज्यीय परमिट जारी करना, परमिट का नवीनीकरण जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।

vahan

उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (High Security Registration Plate- HSRP)

- HSRP एल्युमीनियम से बनी होती है, जिसमें पंजीकरण संख्या के अलावा अन्य विशिष्ट विवरण दर्ज होते हैं।
- इस पर एक अद्वितीय सात-अंकीय लेज़र कोड, जालसाज़ी को रोकने के लिये एक चक्र होलोग्राम, इंजन और चेसिस नंबर के साथ एक सेल्फ डिस्ट्रक्टिव स्टिकर होता है।
- इस पर 'IND' नीले' रंग में खुदा हुआ होगा।

hsrp

महत्त्वपूर्ण क्यों?

- दरअसल सामान्य नंबर प्लेटों के साथ छेड़छाड़ करना बहुत आसान है।चोर आमतौर पर कार चोरी करने के बाद पहला काम नंबर प्लेट हटाने का ही करते हैं।
- जबकि कुछ लोग अपनी नंबर प्लेट को कस्टमाइज़ करना पसंद करते हैं और कभी-कभी कस्टमाइज़ेशन इतना अजीब और अटपटा होता है कि पुलिस के लिये उन वाहनों को पकड़ना मुश्किल हो जाता है, जो ट्रैफिक कानून तोड़ते हैं जैसे- रेड-लाइट जंप करना।
- यदि वे चोरी की गई या फरार कार की नंबर प्लेटों को पढ़ने में सक्षम नहीं हैं तो पुलिस कार को ट्रैक नहीं कर सकती है।
- अत: यूनिफ़ॉर्म स्टाइल वाली HSRP प्लेट्स इन सुरक्षा उद्देश्यों को बहुत अच्छी तरह से पूरा करेंगी।

स्रोत: द हिंदू, इकॉनोमिक टाइम्स, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट